# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

## बुधवार, 26 अगस्त, 2026/04, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 2**

----

### आउटसोर्स कर्मचारी

***3698 श्री दीप राज (करसोग) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण की वर्तमान नीति क्या है तथा माननीय उच्च न्यायालय के वर्ष, 2025 के निर्णय से कितने कर्मचारियों को स्थायी नियुक्ति का लाभ मिला; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार ने आउटसोर्स कर्मचारियों को न हटाने हेतु वित्त विभाग के आदेश संख्या 2022—2025 जारी किए हैं; यदि हां, तो इसका क्या प्रभाव रहा तथा कितने कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित हुई;

(ग) आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन वृद्धि (₹750), ई0एस0आई0, यात्रा भत्ता सुविधाओं के क्या प्रावधान हैं तथा ये सुविधाएं किन-किन विभागों में लागू की गई हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के युवाओं हेतु शिक्षा, जल शक्ति व बिजली

विभाग में कितने पद स्वीकृत हुए तथा जलवाहक/पैरा-फिटर जैसे आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु सरकार द्वारा उठाए गए पगों का ब्यौरा दें?

----

## प्रशासनिक सुविधा

***3924 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31.01.2026 तक मंत्रियों, विधायकों व हिमाचल प्रदेश सचिवालय में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों के वेतन, भत्तों, वाहन, आवास, यात्रा एवं अन्य प्रशासनिक सुविधाओं पर कुल कितना व्यय किया जा रहा है; ब्यौरा मदवार दें?

----

**शिमलाः 171004.** <br>**22 अगस्त, 2026.**

**यशपाल शर्मा,** <br>**सचिव**